**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.06.2022

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज की संजना ने राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रामचंद्र मिशन आश्रम, अमलेश्वर में राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की कु. संजना सिंह का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के प्रतिनिधित्व के लिए किया गया।

इस शिविर में गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड आदि 12 राज्यों से 200 से अधिक स्वयं सेवक शामिल हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रांतों के स्वयं सेवकों ने कला, संस्कृति व विचारों का आदान–प्रदान किया।

बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत विशेषज्ञों ने स्वयं सेवक प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता आदि पर व्याख्यान दिया। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक स्पर्धाएँ आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पारंपरिक लोकनृत्यों ने प्रदेश के गौरव को बढ़ाया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के उद्देश्यों को पूरा करते हुए सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आदान–प्रदान उत्कृष्ट रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने संजना सिंह को बधाई दी है।






समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.06.2022

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

## गर्ल्स कॉलेज में
## विश्व साईकल दिवस पर साईकल रैली आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के क्रीड़ा विभाग द्वारा विश्व साईकल दिवस पर साईकल रैली का आयोजन किया गया।

डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी के नेतृत्व में – नम्रता बंजारे, अंशु धृतलहरे, मधु बंजारे, मनीषा, महक परवीन, भावना बंजारे के नेतृत्व में महाविद्यालय से सिविक सेन्टर तथा सिविक सेन्टर से महाविद्यालय तक 14 किलोमीटर साईकल जागरूकता रैली निकाली गयी।

महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनिल जैन, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, डॉ. ऋचा ठाकुर सहित महाविद्यालय के छात्राएँ कु. संजना सिंह, मोनिका, दीक्षा देशमुख, जिज्ञासा भट्ट, प्रगति दुबे, नेहा ढीमर, सीता ढीमर, रितु ठाकुर एवं कर्मचारीगण श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकार, श्री बल्ला वैष्णव ने उत्साह पूर्वक साईकल चलाया और पर्यावरण की रक्षा एवं स्वस्थ रहने हेतु अधिक से अधिक साईकल के उपयोग का संकल्प लिया।

महाविद्यालय की अधिकांश छात्रायें साईकिल का ही उपयोग करती हैं।







समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : **20.06.2022**

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# विश्व रक्तदाता दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व रक्तदाता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर बनाये जिसकी प्रदर्शनी गैलरी में लगाई गई।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि युवा वर्ग इस रक्तदान के पुण्य कार्य में आगे आये। रक्तदान, जीवनदान है जिससे हमारे समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है वहीं हमें मानसिक संतुष्टि भी प्राप्त होती है।

उन्होनें बताया कि नियमित रूप से महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान हेतु जागरूकता एवं अन्य कार्यक्रम किये जाते है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि इस पुस्तक में रक्तदान के शारीरिक एवं सामाजिक लाभ की जानकारी दी गई है, कौन, कैसे और कब रक्तदान कर सकता है, बताया गया है। साथ ही उन मिथ्य एवं भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है जिसके कारण लोग रक्तदान जैसे महादान से घबराते है। रक्तदान शरीर को कमजोर करता है पूर्णतः निरर्थक है अपितु इससे अनेक लाभ जैसे हार्ट–अटैक की संभावनाएँ कम होना, एनर्जी लेवल बढ़ता है अनेक रोगों से बचाव होता है।

इस अवसर पर छात्राओं एवं कार्यरत स्टॉफ द्वारा शपथ ग्रहण किया गया जिसमें रक्तदान कर जरूरतमंदों को जीवनदान देने की शपथ ली गई।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

# विश्व रक्तदाता दिवस






**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 21.06.2022**

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

क्रीड़ाधिकारी एवं योग प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. ऋतु दुबे ने योग के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये योग पर सर्टिफिकेट कोर्स भी प्रारंभ किया गया जिसकी पहली बैच को प्रमाण पत्र दिए गए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने नए सत्र में योग की नियमित कक्षाओं का संचालन एवं सर्टिफिकेट कोर्स द्वारा प्रशिक्षित करने की जानकारी दी। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक कु. विद्या को सम्मानित किया गया।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.07.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# विश्व जनसंख्या दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान से **''बढ़ती जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता में युवाओं की भूमिका''** पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि बढ़ती जनसंख्या का दूष्परिणाम जैसे गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा, बेरोजगारी आदि देश के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं अतः ये आवश्यक हो गया है कि युवा इस समस्या के निवारण में अपनी भूमिका निभायें एवं जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता की दिशा में सक्रिय पहल करे।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में बढ़ती आबादी से जुड़ी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। साथ ही यह आवश्यक है कि छात्रायें शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से परिपक्व होने के पश्चात ही माँ बनने का कठिन दायित्व ग्रहण करें। और उचित लालन–पालन कर समाज को श्रेष्ठ नागरिक प्रदान करें।

श्रीमती वंदना बंजारे ने विवाह की आयु बढ़ाने, छोटा परिवार सुखी परिवार एवं परिवार नियोजन के महत्व की जानकारी दी।

छात्रा कु. उर्वशी निर्मल ने शिक्षा का अभाव जनसंख्या वृद्धि का एक बड़ा कारण बताया जबकि फातिमा निजामी ने रूढ़ीवादी सोच एवं लड़के की चाह, कु. रेणु सिन्हा ने कहा कि वंश आगे बढ़ाने के लिये पुत्र प्राप्ति को दोषी माना गया है। एकता के अनुसार युवाओं में परिवार नियोजन की जानकारी का अभाव इस समस्या को बढ़ा रहा है। कु. सुरूचि साहू ने इस वर्ष की थीम ''8 बिलियन की दुनिया सभी के लिये एक लचीले भविष्य की ओर अवसरों का दोहन और सभी के लिये अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना'' बताया।

इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर्स ने स्लोगन के माध्यम से जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्रायें एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस






**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा दी गई थीम ''मोंट्रियल प्रोटोकॉल के 35 वर्ष पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए वैश्विक सहयोग'' पर केन्द्रित आयोजन किये जा रहे है। उन्होनें ओजोन सतह का महत्व एवं सतह पर होने वाले क्षरण के कारणों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्व को अपना कर्तव्य समझकर निष्ठापूर्वक योगदान देवें।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगितायें रखी गई। पोस्टर प्रतियोगिता में 26 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम – ऋतिका, द्वितीय –जागृति ध्रुव एवं तृतीय सत्यभामा रहीं। सोमी सोनी एवं सुषमा विश्वकर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम – चंद्रमुखी, द्वितीय–डेमिन एवं तृतीय–नेहा यादव एवं सात्वना पुरस्कार– श्रुति आदित्य, ज्योतिलता को मिला।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम–तनु कटारिया, द्वितीय हर्षिता एवं तृतीय राधिका रहीं तथा प्रेरणा, लक्ष्मी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

निबंध प्रतियोगिता में 25 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें हिन्दी माध्यम में प्रथम–पायषी यादव, रोशनी साहू–द्वितीय एवं नेहा–तृतीय स्थान पर रहें तथा अंग्रेजी माध्यम में प्रथम–मानसी गुप्ता, सौम्या डड़सेना–द्वितीय एवं प्रेरणा शर्मा–तृतीय स्थान पर रही।

निर्णायक के रूप में डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव तथा डॉ. लता मेश्राम ने इस प्रतियोगिताओं में निर्णय प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन एम.एससी. – तृतीय सेमेस्टर (रसायन) की छात्रा राधिका एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुनीता गुप्ता ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।


(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)


## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# विश्व ओजोन दिवस मनाया गया



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.11.2022

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में
# जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजन
# आजादी के गौरवशाली इतिहास का दिन है– डॉ. सपना शर्मा

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर ''स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता रखी गयी जिसमें 10 छात्राओं ने अपने विचार रखें।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता शासकीय डॉ. वि.या.ता. स्वशासी महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. सपना शर्मा सारस्वत थी। उन्होनें अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज के लोगों ने आक्रमणकारियों से देश के जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए संघर्ष किया। वे देश की आजादी के लिए हंसते–हंसते फांसी पर झूल गए पर देश पर आंच नहीं आने दी। आज का दिन आजादी के गौरवशाली इतिहास का दिन है। भगवान बिरसा मुंडा के शौर्य और संघर्ष ने देश की संस्कृति परम्परा को बचाये रखने का काम किया है।

हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने भी अपने संबोधन में आदिवासी समाज की महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की।

डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाख्ला ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखें।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ही हमारे विद्यार्थियों को देश की संस्कृति एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोगों द्वारा देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदानों के बारे में जानकारी मिलती है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. गीतु यादव तथा कु. मेघा साहू द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कु. भाग्यश्री, कु. तनु कटारिया रहीं। आभार प्रदर्शन डॉ. शबीना बेगम ने किया।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.12.2022

/प्रेस विज्ञप्ति/

## गर्ल्स कॉलेज में
# ''अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस''

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर डॉ0 सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि इस भयावह रोग की रोकथाम हेतु प्रयास आवश्यक है, जिसके लिए महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से न सिर्फ़ महाविद्यालय में बल्कि आसपास भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। HIV संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीक़ा है लोगों को इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी दी जाए।

पोस्टर, निबंध, भाषण, नुक्कड़ नाटक, रैली, वॉल राइटिंग द्वारा यह अभियान CGSACS के मार्गदर्शन में किया जाता है। अपने उत्कृष्ट कार्य हेतु हमारे महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। महाविद्यालय में HIV/AIDS से संबंधित जानकारी है, तो प्रदत Toll free Helpline number एवं Counseling की सुविधा भी उपलब्ध है जिसका लाभ छात्राएँ ले सकती है।

नोडल अधिकारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने जानकारी दी कि रोकथाम ही इस रोग से बचाव है, जिसके लिए जागरूकता आवश्यक है एवं इस जागरूकता अभियान में युवाओं की भागीदारी अहम भूमिका रखती है साथ ही इस रोग से संबंधित मिथ्यो और सही जानकारी का अभाव भी इसको बढ़ावा दे रहा है। जब हमारे युवा आगे आएंगे तब ही हम एड्स मुक्त भारत का सपना साकार कर पाएंगे। इस अवसर पोस्टर बनाओ, निबंध लिखो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया साथ ही रंगोली, भाषण, नुक्कड़ नाटक, विशाल रैली, सेल्फ़ी प्वाईंट आकर्षण के केन्द्र रहे। महाविद्यालय के प्राध्यापकों को रेड रिबन लगाकर इस रोग से पीड़ितों के प्रति समानता व्यक्त की गई ।

उल्लेखनीय हैं कि छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी के साथ रंगोली, रैली, नुक्कड़ नाटक, सेल्फ़ी के माध्यम से इस महान अभियान में अपनी सहभागिता दर्शायी। इस विशाल आयोजन में यूथ रेडक्रॉस वॉलेंटियर्स मानसी सिंह, मधु बंजारे, संगीता सिंह, निकिता गुप्ता, नेहा सिन्हा, भूमिका मंडावी, मनीषा धृतलहरे, महक परवीन, करुणा, लुबना, उर्वशी एवं तबस्सुम का विशेष योगदान रहा ।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


Weak
illness
Health
AIDS
Disease
Pain
HIV

.



.


YOUTH

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.01.2023

## //प्रेस विज्ञप्ति//
## गर्ल्स कॉलेज में
# नृत्य विभाग द्वारा वैल्यु एडेड कोर्स नृत्यांजलि का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा पन्द्रह दिवसीय नृत्यांजलि वैल्यु एडेड कोर्स आयोजित किया गया। जिसका उदघाटन प्रसिद्ध – कलाकार डॉ. जी. रथीश बाबू (डायरेक्टर–ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसियेशन नृत्यति कला क्षेत्रम्) द्वारा किया गया। उन्होनें प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि नृत्य शारीरिक और मानसिक दोनों तनाव से मुक्त करता है। नृत्य सीखने की लालसा मन से उत्पन होती है। उन्होने नृत्य के महत्व को बताया साथ ही गुरु की महिमा को भी बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर नृत्य विषय के रूप में पढ़ाया जाता है उसे देखकर अन्य संकायों की छात्रायें भी इसके प्रति आकर्षित होती हैं, उन्हीं के लिये यह विशेष कोर्स रखा गया, जिससे कि भरतनाट्यम की आधारभूत जानकारी उन्हें मिल सके।

नृत्यांजलि की संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि 80 छात्राओं ने इसमें पंजीयन कराया। इस कोर्स में प्रायोगिक रूप से उन्हें भूमिप्रणाम, शिवस्तुति, शिरोभेद दृष्टिभेद, ग्रीवाभेद तथा हस्त मुद्रा के श्लोकों के साथ–साथ प्रमुख अड़वु सिखाये गये।

इसके अतिरिक्त नृत्य के सैद्धांतिक पक्ष की सामान्य जानकारी देने अतिथि व्याख्यान भी कराये गये। डॉ. मेदिनी होम्बल ने कैरियर इन डॉस, डॉ. भारती सेठी ने एक नर्तक के लिए आवश्यक पौष्टिक आहार, डॉ. शमा हमदानी ने नृत्य के मनोवैज्ञानिक असर पर सारगर्भित व्याख्यान दिये। पूर्व छात्रा शारदा यादव ने पाश्चात्य शैली के लॉकिंग–पॉकिंग एवं अनामिका मिश्रा ने नृत्य में कोरियोग्रॉफी पर छात्राओं को स्टेप्स सिखाये, डॉ. स्वप्निल कर्महे ने नृत्य के विकास पर चर्चा की तथा कथक के आमद, ठुमरी और तत्कार का प्रदर्शन किया। सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. सुमन मिश्र ने रस–साहित्य और नृत्य के संबंध पर अपनी बात रखी।

अलग–अलग संकाय की छात्राओं अपने इस अनुभव को साझा किया। विज्ञान संकाय की पूजा, कला संकाय की तनु कटारिया, गृहविज्ञान की ऋतु बेलेन्द्रे एवं वाणिज्य की आयुषी देशमुख ने कहा कि शास्त्रीय नृत्य सीखने से मानसिक–शारीरिक शांति मिलती है। हम अपनी परंपरा से भी जुड़ते है। साथ ही इससे व्यक्तित्व विकास में सहयोग मिला है।

कोर्स के समापन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं की मेहनत की भूरि–भूरि प्रशंसा की। प्राचार्य महोदय ने आगे भी ऐसे कोर्स चलाने की अनुशंसा की। सभी प्रतिभागी छात्राओं ने सामूहिक भूमि वंदना, मंगल श्लोक तथा अड़वुओं का प्रदर्शन किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में

# नृत्य विभाग द्वारा वैल्यु एडेड कोर्स नृत्यांजलि का आयोजन







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.02.2023

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस पर व्याख्यान

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के कैंसर के लक्षण, उपचार एवं बचाव की जानकारी छात्राओं को दी गई।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि जब शरीर की कोशिकायें अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती है तो उसे कैंसर कहा जाता है, नियमित जाँच और चिकित्सीय परामर्श से कैंसर का शुरूआती स्तर पर पता लगाया जा सकता है और ईलाज संभव है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कैंसर के ईलाज की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टॉरगेट थेरेपी एवं हॉर्मोन थेरेपी जैसी नवीनतम चिकित्सा का प्रयोग कैंसर के प्रकार और स्टेज के आधार पर किया जाता है।

यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर कु. महक परवीन ने कैंसर के विभिन्न प्रकार बताये, कु. मनीषा धृतलहरे ने लक्षणों की जानकारी दी।

डॉ. तोशीना तेलंग ने रेडियेशन थेरेपी के उपयोग के बारे में बताया कि यह एडवांस स्टेज में कैंसर के लक्षणों को कम करने के लिए, कैंसर के प्राथमिक उपचार के रूप में किया जाता है। डॉ. प्रिया मेहरा ने महिलाओं में होने वाले स्तन एवं सरविक्स कैंसर की जानकारी दी तथा इनके प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने की आवश्यकता को बताया।

आहार विशेषज्ञ डॉ. रिमशा लाकेश ने कहा कि भारत में पुरूषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर सर्वाधिक होता है। परन्तु जीवनशैली, खानपान में सुधार, उचित व्यायाम आदि इसके बचाव के कारगार उपाय है। शोधार्थी कु. तबस्सुम ने कहा कि डिब्बा बन्द भोजन, रूम फ्रेशनर, डाई आदि में उपस्थित केमीकल भी कैंसर का कारण बन सकते है।

कु. लुबना खान ने बताया कि शरीर में होने वाले बदलावों को जैसे, अत्यधिक थकान, बार–बार बुखार आना, लगातार दर्द का बना रहना एवं नियमित दिनचर्या में बिना किसी बदलाव के वजन में कमी कैंसर के शुरूआती लक्षण हो सकते है। छात्राओं ने प्रश्नों के माध्यम से जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का संचालन शबीना एवं आभार प्रदर्शन कु. उर्वर्शी निषाद ने किया।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.04.2023

**/ /प्रेस विज्ञप्ति/ /**

# गर्ल्स कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदर्शनी

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वाधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जानकारी देते हुए प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि ''सभी के लिये स्वास्थ्य'' थीम पर इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया जा रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित पोस्टर छात्राओं ने बनाए जिसकी प्रदर्शनी महाविद्यालय में लगाई गयी। पावर प्वाईन्ट प्रस्तुति के साथ ही पोषण एवं आहार पर कार्यशाला द्वारा जानकारी दी गयी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस प्रदर्शनी को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों के महत्व के बारे में जागरूक करना है। स्वस्थ जीवनशैली के लिये हमें बहुत सी पोषण एवं आहार संबंधी जानकारी होना आवश्यक है।

प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लता मेश्राम ने भी इस अवसर पर आहार की पौष्टिकता एवं उसके शरीर पर प्रभाव तथा विभिन्न बिमारियों से बचाव की जानकारी छात्राओं को दी।

इस अवसर पर डॉ. अनुजा चौहान तथा एम.एससी. गृहविज्ञान की छात्राओं ने छात्राओं को विभिन्न जानकारी पोस्टर के माध्यम से दी। इस अवसर पर छात्रायें, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





**समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

S.2

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.05.2023

## //प्रेस विज्ञप्ति//

### गर्ल्स कॉलेज में

## अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस
## पूर्व और वर्तमान छात्राओ का अनूठा सम्मिलन

शास. डॉ. वा.वा पाटणकर कन्या स्ना. महा. दुर्ग के नृत्य दिवस पर ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने बताया कि चूंकि महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षायें जारी है, इसलिये इसे ऑन लाइन मोड में किया गया। नृत्य के माध्यम से सीधे ईश्वर से तादात्म्य स्थापित हो जाता है। महाविद्यालय की छात्राओं का व्यक्तित्व विकास नृत्य से और बेहतर होता है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती पुष्पा मार्काण्डेय ने एक श्लोक के माध्यम से बताया कि नृत्य प्रस्तुति के लिये हाथ, दृष्टि, मन का समन्वय हो तो रस–भाव की उत्पत्ति होती है।

इस अवसर पर ओ.पी. जिंदल रायगढ़ के छात्र–छात्रा ने श्रीमती पुष्पा के निर्देशन में श्रीराम एवं नटराज शंकर पर भरतनाट्यम प्रस्तुति की। विशेष रूप से जिंदल स्कूल के अन्वी राय, आरोमल, भव्या, कानिहा, सात्विकी, अनुष्का प्रिया, मयूरी, मीनाक्षी ने नयनाभिराम नृत्य प्रदर्शित किया।

नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि इस दिवस पर महाविद्यालय की पूर्व और वर्तमान छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुतियाँ कीं। कु. मौसमी ने मंगल श्लोक एवं कृष्ण वंदन किया। निशा गुप्ता, दीपिका साहू, ओमिशा, ने शिवस्तुति की। सौमिली में ओमिशा ने क्यूजन किया वहीं महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा पुष्पा ने भावगीत, कीर्ति ने देवी स्तुति का प्रदर्शन किया।

पूर्व छात्रा डॉ. शबीना बेगम ने नृत्य और प्राचीन इतिहास के समन्वय पर अपनी बात रख वहीं पूर्व छात्रा भेनु ठाकुर, नेहा सोनी, नीलम परिहार, कीर्ति ने अपने अनुभवों को साझा किया। महाविद्यालय की अलुमिनी संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने पूर्व छात्राओं के सुंदर प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ने किया।

**समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)



